**CBSE Class – 4 Hindi**

**NCERT Solutions**

**रिमझिम पाठ- 3. किरमिच की गेंद**

<u>कहानी की बात</u>

**(क) दिनेश की माँ मशीन चलाते-चलाते बोली, "बेटा, कहाँ जा रहे हो?"**

**दिनेश की माँ कौन - सी मशीन चला रही होगी?**

**तुमने इस मशीन को कहाँ - कहाँ देखा है?**

**उ त्तर-** दिनेश की माँ सिलाई मशीन चला रही होगी| मैंने इस मशीन को अपने घर में और दर्जी की दुकान में देखा है|

**(ख) दिनेश ने सारी सीताफल की बेल छान मारी|**

**दिनेश क्या खोज रहा था?**

**दिनेश को कैसे पता चला होगा कि क्यारी में वही चीज गिरी है?**

**उ त्तर-** दिनेश क्रिकेट की गेंद खोज रहा था|

दिनेश को क्यारी में किसी चीज की आवाज सुनाई दी| उस आवाज को पहचान कर दिनेश को पता चला होगा कि क्यारी में क्रिकेट की गेंद ही गिरी है|

**(ग) दिनेश अच्छी तह जनता था की गेंद दीपक की नहीं है|**

**दिनेश को यह बात कैसे पता चली की गेंद दीपक की हो ही नहीं सकती?**

**दीपक बार - बार गेंद को अपनी क्यों बता रहा होगा?**

**उ त्तर-** दिनेश को जो गेंद मिली थी वह एकदम नई चमचमाती हुई थी| दीपक ने बताया कि उसकी गेंद पाँच महीने पहले खोई थी| इस तरह दिनेश को पता चल गया कि गेंद दीपक की नहीं हो सकती|

दीपक बार-बार गेंद को अपनी इसलिए बता रहा होगा क्योंकि वह उस गेंद को पाना चाहता था|

<u>गेंद किसकी</u>

**(क) दीपक ने गेंद को अपना बताने के लिए उसके बारे मे कौन-कौन सी बाते बताई?**

**उत्तर-** दीपक ने बताया कि उसकी गेंद पाँच महीने पहले खोई थी| उसने कहा कि उसकी गेंद में ऐसा ही लाल रंग का निशान था| मैं अपने पापा से भी कहलवा सकता हूँ| उसने कहा कि मेरी गेंद मे से ऐसे टप्पे की ही आवाज़ आती थी|

**प्रश्न 2. अगर दीपक और दिनेश गेंद के बारे में फैसला करवाने तुम्हारे पास आते, तो तुम गेंद किसे देती? यह भी बताओ कि तुम यह फैसला किन बातों को ध्यान में रखकर करती?**

**उत्तर-** मैं गेंद दिनेश को देती| दिनेश ने गेंद मिलने की बात सच-सच बता दी थी, वह बिल्कुल नई थी|

**<u>गेंद की कहानी</u>**

**गेंद स्कूटर के साथ कहीं चली गई|**

**उसके बाद गेंद के साथ क्या - क्या हुआ होगा ? सोच कर बताओ|**

**उ त्तर-** गेंद स्कूटर के साथ ही स्कूटर वाले के घर पहुँच गई होगी| वहाँ उस स्कूटर वाले के बच्चे गेंद पाकर खुश हो गए होंगे| वे उस गेंद से खूब क्रिकेट खेलते होंगे|

---

**<u>पहचान</u>**

**मान लो तुम्हारा कोई खिलौना घर में ही खो गया है| तुमने अपने साथियों को घर में बुलाया था कि सब मिलकर उसे खोजे लें| तुम अपने खिलौने की पहचान के लिए अपने साथियों को कौन - कौन से बातें बताओगी? लिखो|**

**उत्तर-** मैं अपनी साथियों से यह बताऊँगी कि मेरा खिलौना एक नन्ही गुड़िया थी| उसके फ्रॉक का रंग गुलाबी था| उसके बाल सुनहरे, घने व लंबे थे|

---

**<u>कहाँ</u>**

**सामने की क्यारी में भिन्डियों के ऊँचे - ऊँचे <u>पौधे</u> थे|**

**एक ओर सीताफल की घनी <u>बेल</u> फैली हुई थी|**

**सीताफल की बेल होती है और भिंडी का पौधा बताओ और कौन - कौन सी सब्जिया बेल और पौधे पर लगती हैं?**

**उत्तर -**

| **बेल** | **पौधा** |
|---|---|
| सीताफल | बैंगन |
| लौकी | भिन्डी |
| तोरी | गोभी |
| परवल | मिर्च |

---

**<u>त रह-तरह की गेंदे</u>**

**गेंदों के अनेक रंग-रूप होते हैं| अलग-अलग खेलों में अलग-अलग प्रकार की गेंदो का इस्तेमाल किया जाता है| नीचे दी गई जगह खेलों के अनुसार गेंदों की सूची बनाओं|**

**उत्तर-**

| **क्रिकेट** | **किरमिच** |
|---|---|
| फुटबॉल<br>हॉकी<br>टेनिस | चमड़ा<br>रबड़<br>प्लास्टिक |

| | |
|---|---|
| वॉलीबॉल | चमड़ा |

<u>खोजो आस-पास</u>

**दिनेश चिक सरकाकर बरामदे की ओर भागा |**

**(क) चिक पर्दे का काम करती है पर चिक और परदे में फर्क होता है| इन दोनों में क्या अंतर है? समूह में चर्चा करो|**

**इसी तरह पता लगाओ की इन शब्दों में क्या अंतर है?**

**1 टहनी -तना**

**2 पेड़ -पौधा**

**3 घूँस -चूहा**

**4 मुँडेर -चारदीवारी**

**उ त्तर-** (क) चिक बाँस की तीलियों से बना होता है, जबकि पर्दा कपड़े से बना होता है|

1 तना जमीन के ऊपर का भाग होता है जहाँ से शाखाएँ निकलती है| टहनी पेड़ की डाली होती है जो तने से निकलती है| तना मोटा हो तो टहनी पतली होती है|

2 पेड़ बड़ा और मजबूत होता है, जबकि पौधा छोटा और कमजोर होता है| पेड़ की लकड़ी के फर्नीचर बनाए जा सकता है, जबकि पौधे की लकड़ी काम नहीं आती|

3 घूँस बड़ा होता है, जबकि चूहा छोटा होता है| घूँस खेतों में या बगीचे में बिल बनाकर रहता है, जबकि चूहा हमारे घरों में भी रहता है|

4 किसी छत के चारों ओर उठा हुआ दीवार का उपरी भाग मुँडेर कहलाता है| चारदीवारी किसी जमीन को चारों ओर से घेरने के लिए बनाई गई दीवार होती है| मुंडेल की ऊंचाई कम होती है, जबकी चारदीवारी अधिक ऊंची होती है|

(ख) चिक सरकंडे से भी बनती है और तिलियों से भी|

सरकंडे से और क्या - क्या बनताहै| अपने आसपास पता करो और लिखो|

**उत्तर-** टोकरी, सूप, कलम, चटाई

<u>क्लब बनाएँ</u>

**मान लो तुम्हें अपने स्कूल में एक क्लब बनाना है जो स्कूल में खेल - कूद के कार्यक्रमों की तैयारी करेगा|**

**(1) इस क्लब में शामिल होने और इसका चलाने आदि के बारे नियम सोचकर लिखो|**

**(2) तुम्हारे विचार से इस क्लब को अच्छी तरह चलाने के लिए नियमों की जरूरत है या नहीं? अपने जवाब का कारण बताओ|**

**उत्तर- क्लब के नियम-**

1. खेल में रुचि रखने वाले बच्चे इसमें शामिल होंगे|
2. क्लब की बैठक में सबको समय पर आना होगा|
3. सभी बारी-बारी से बोलेंगे|
4. खेलकूद के बारे में सभी मिलकर फैसला करेंगे|
5. सबको नियमों का पालन करना होगा|

6. क्लब कैप्टन की बात सभी मानेगे|
मेरे विचार से क्लब को अच्छी तरह चलाने के लिए नियमों की जरूरत है| यदि बिना किसी नियम के क्लब बनेगा तो उसमें सभी अपनी-अपनी चलाएँगे|

**एक,दो,तीन**

**दिनेश ने तिमंजिली इमारत की ओर देखा|**

**जिस इमारत में तीन मंजिलें हो , उसे तिमंजिली इमारत कहते हैं | बताओ , इन्हें क्या कहेंगे?**

**उ त्तर-**

| | |
|---|---|
| **1. जिस मकान में दो मंजिले हों** | दुमंजिला मकान |
| **2. जिस स्कूटर में दो पहिए हों** | दुपहिया स्कूटर |
| **3. जिस जगह तीन रंग हों** | तिरंगा झंडा |
| **4. जिस जगह पर चार राहें मिलती हों** | चौराहा |
| **5. जिस अकूतर में तीन पहिए हों** | तिपहिया स्कूटर |

**सब्जी एक नाम अनेक**

**एक ही सब्जी या फल के नाम अलग - अलग स्थान पर अलग - अलग होते हैं | नीचे ऐसे कुछ नाम दिए गए हैं|**

**सीताफल , कांदा , बटाटा , अमरुद , तोरी , शरीफा , काशीफल , बैंगन , नेनुआ , तरबूज , कुम्हड़ा , घीया**

**1. बताओं की तुम्हारे घर , शहर या कस्बे में इनमे से कौन - कौन से शब्द इस्तेमाल किए जाते हैं?**

**2. बाकी नामों का इस्तेमाल किन - किन स्थानों पर होता है ? पता करो|**

**उ त्तर-** 1. सीताफल , अमरुद , तोरी , शरीफ , बैंगन , तरबूज , घीया

2. कंदा – गुजरात

बटाटा – गुजरात

काशीफल – उत्तर प्रदेश

नेनुआ – बिहार, उत्तर प्रदेश

कुम्हड़ा – उत्तर प्रदेश, बिहार